## संक्षिप्त

### चिकित्सालय का निरीक्षण किया

**उदयपुर।** उपखण्ड क्षेत्र सलूंबर में शुक्रवार को नव पदस्थापित उपखण्ड अधिकारी सलूंबर सुरेन्द्र बी. पाटीदार ने सामान्य चिकित्सालय सलूंबर का आकस्मिक निरीक्षण किया और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए महत्तवपूर्ण निर्देश दिए। एसडीएम पाटीदार ने चिकित्सालय प्रभारी से स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना, निःशुल्क ओपीडी, आईपीडी एवं निःशुल्क जांच संबंधित जानकारी प्राप्त की और सरकार की ओर से मिलने वाली हर सुविधा का लाभ जरूरतमंद को देने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड में भर्ती रोगियों की कुशलक्षेम पूछते हुए उन्हें दी जा रही चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में पूछा और मुख्य चिकित्सा प्रभारी को उचित साफ-सफाई के साथ यहां दी जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव दो जून से

**उदयपुर**, (कासं)। सेक्टर 14 स्थित लखारा समाज भवन में शिव परिवार एवं राम-लक्ष्मण जानकी का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव दो जून से शुरू होगा। लखारा समाज सेवा समिति के हिम्मतराम लखारा ने बताया कि लखारा समाज का भवन बनकर तैयार है और इसके भूतल पर मंदिर में मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। तीन दिवसीय आयोजन के तहत पहले दिन सुबह सवा आठ बजे से रामायण पाठ होगा, दोपहर सवा 12 बजे प्राण प्रतिष्ठा पूजन, मूर्तियों का स्नान एवं अधिवास, तीन जून को सुबह सवा आठ बजे रामायण पाठ का समापन, सवा नौ बजे हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा महान्यास का आयोजन होगा। चार जून को दोपहरण 12 बजे प्रसादी होगी।

### आलोक संस्थान में पाटोत्सव मनाया

**उदयपुर।** आलोक संस्थान, सेक्टर-11 स्थित श्रीराम मंदिर में आज पाटोत्सव मनाया गया। श्रीराम मन्दिर ट्रस्ट के संरक्षक व आलोक संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत ने तुलसी पूजा करके समस्त ध्वजाओं की विधिवत पूजा की। इस अवसर पर पंडित रतनलाल पालीवाल ने बताया कि डॉ. प्रदीप कुमावत द्वारा श्रीराम मंदिर पर ध्वजा को धारण करवाया गया। साथ ही हनुमान मंदिर पर, राधाकृश्ण मंदिर पर भी ध्वजा चढ़ाई गई। इस अवसर पर कांता कुमावत, विद्या कुमावत, निश्चय कुमावत, प्रतीक कुमावत, ध्रुव कुमावत सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे। अन्त में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### नर्सों के सम्मान में कार्यक्रम

**उदयपुर।** पारस जेके अस्पताल उदयपुर ने विश्व नर्स दिवस पर अस्पताल में नर्सों के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया। जहां चिकित्सकों के साथ बीमारों के इलाज में पूरा सहयोग करने वाले नर्सों और कोरोना महामारी से पीड़ित लोगों के इलाज में अहम भूमिका व योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया।

### अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष 17 को उदयपुर में

**उदयपुर।** राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाडी लाल बैरवा मंगलवार 17 मई की दोपहर 2 बजे उदयपुर पहुंचेंगे। वे 3.15 बजे सर्किट हाउस में अनुसूचित जाति के उत्थान व अधिकारों हेतु जिले में कार्यरत सामाजिक संगठनों के सदस्यों के साथ बैठक लेंगे तथा शाम 4 बजे जिला कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। वे इसी दिन शाम 5.30 बजे डूंगरपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शर्मिला माली राज्य स्तर पर सम्मानित

**उदयपुर।** नर्सिंग दिवस पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उदयपुर के राजकीय महाराणा भूपाल चिकित्सालय में कार्यरत सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शर्मिला माली को चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### उपभोक्ता संरक्षण पर सेमिनार आज

**राजसमंद।** तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के तत्वावधान में शनिवार रात्रि 8 बजे तुलसी साधना शिखर पर उपभोक्ता संरक्षण एवं वसीयत विषय पर पूर्व न्यायाधीश डॉ बसंतीलाल बाबेल के मुख्य आतिथ्य में सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

# उदयपुर में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'मृदंग' का समापन

**उदयपुर**, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के संघटक माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय की ओर से आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम मृदंग 2021-22 के समापन समारोह का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, प्राचार्य प्रो. सुमन पामेचा, प्रो. मलय पानेरी, सहायक कुल सचिव डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. धीरज प्रकाश जोशी, डॉ. हेमेन्द्र चैधरी, डॉ. दिलीप सिंह चैहान ने मॉ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया।

दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने राजस्थानी रिमिक्स सरवर पानी भरवा जाउस कटे नजर न लाग जाये ... सहित रंगोली, वाद विवाद, आशुभाषण, एकल गायन, एकल नृत्य, समुह नृत्य, मेहंदी, केट वॉक प्रतियोगिता के साथ साथ विद्यार्थियों ने पंजाबी रिमिक्स गानों पर जमकर प्रस्तुतियां दे अतिथियों का मन मोह लिया। समारोह में कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने जाने की जिद ना करो..., तुम इतना क्यो मुस्करा रहे हो ...,पधारो म्हारे देश ... , भरत चले चित्रकुट ओ रामा, राम को मनाने गाकर सभी का मन मौह लिया।

उदयपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम मृदंग के मौके पर प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत व अन्य उपस्थित रहे।

प्रभारी डॉ. धीरज प्रकाश जोशी ने बताया कि सामरोह में मिस एवं मिस्टर मृदंग 2021-22 का आयोजन किया गया जिसमें अतिथियों ने जगप्रित सिंह खालसा को मिस्टर, साक्षी लौहार को मिस मृदंग का ताज पहना बधाई दी। पूजा राठौड, अंचित सिंह प्रथम, यामिनी दशोरा, तैजेन्द्र सिंह द्वितिय रनरअप रहे जिन्हे स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र व उपरणा ओढा कर सम्मानित किया गया। प्रो. मुक्ता शर्मा, डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंह राठौड ने निर्णायक की भूमिका अदा की। एकल गान प्रतियोगिता में अरूण सालवी प्रथम, तीर्थ व्यास द्वितिय, प्रभात गरासिया तीसरे स्थान पर रहे, एकल नृत्य प्रतियोगिता में यामिनी दशोरा प्रथम, साक्षी लौहार द्वितिय, गुंजन राणावत तीसरे स्थान पर रही, विचित्र वेशभूषा मूें जगप्रित सिंह खलसा प्रथम, अंचित सिंह दूसरे, तेजेन्द्र सिंह तीसरे स्थान पर रहे, निबंध प्रतियोगिता में अंचीत सिंह प्रथम,

■ साक्षी लौहार मिस, जगप्रित सिंह खलसा मिस्टर मृदंग चुने

नमन जेठी दूसरे, इजहार हुसैन तीसरे स्थान पर रहे, मेहंदी प्रतियोगिता में यानू चैबीसा प्रथम, हिमांशी चैहान व पूजा राठौड दूसरे, जगप्रित सिंह खलसा तीसरे स्थान पर रहे, रंगोली में हिमांशी चैहान प्रथम, अंचित सिंह, गगनदीप सिंह , रौनक दूसरे, यामिनी दशोरा तीसरे स्थान पर रहे, आशु भाषण में नमन जेठी प्रथम, यानू चैबीस दूसरे, जगप्रित खालसा तीसरे स्थान पर रहे, काव्य पाठा में प्रकृति प्रथम, यानू दूसरे, निहाल प्रजापत तीसरे स्थान पर रहे, कोलाज में पूजा राठौड प्रथम, साक्षी लौहार दूसरे, निहाल प्रजापत, विशुल माथुर तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. हेमेन्द्र चौधरी ने किया जबकि आभार डॉ. धमेन्द्र राजौरा ने दिया।

## जी.जी.टी.यू. ने भीषण गर्मी के मद्देनजर परीक्षा समय में किया परिवर्तन

**बांसवाडा।** भीषण गर्मी के मद्देनजर गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र हित में 23 मई से शुरू होने वाली सत्रांत परीक्षाओं का समय बदलने का निर्णय लिया है। समस्त परीक्षाएं अब दिन के बजाय सुबह के समय होंगी। बढती गर्मी को देखते हुए छात्र हित में यह परिवर्तन किया गया है कि पहले के टाइम टेबल में सुबह 9 बजे एवं अपराह्न 2 बजे वाली समस्त परीक्षाएं अब सुबह साढे सात बजे आयोजित होंगी। इसी प्रकार पूर्वाह्न 11 बजे एवं अपराह्न 4 बजे आयोजित समस्त परीक्षाएं अब सुबह साढे नौ बजे आयोजित की जाएंगी। छात्रों को निर्देश दिये गये हैं कि परीक्षा तिथियों में कोई बदलाव नहीं किया गया है परीक्षा दिनांक पूर्ववत ही हैं केवल समय ही संशोधित किया गया है। यह संशोधन बीए, बीएससी और बीकॉम सेकंड ईयर और थर्ड ईयर की परीक्षाएं जो 23 मई से शुरु होने जा रही हैं उन पर लागू किया गया है।

# गीतांजलि कॉलेज का शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**उदयपुर**, (कासं)। गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग के बी.एस.सी. नर्सिंग के 15 वें एवं जी.एन.एम. के 14वें बैच के विद्यार्थियों के लिए लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. एफ. एस. मेहता, वाईस चांसलर, गीतांजली यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। उन्होंने नर्सिंग के महत्व व नर्सेज की भूमिका के बारे में बताया। अच्छी नर्सिंग प्रशिक्षण के लिए उन्होंने ज्ञान एवं स्किल के महत्व पर जोर दिया व नर्सिंग शिक्षकों कि पर्याप्त मात्रा का होना जरुरी बताया ।

उदयपुर के गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग के बी.एस.सी. नर्सिंग के 15 वें एवं जी.एन.एम. के 14वें बैच के विद्यार्थियों के लिए लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर डॉ संध्या घई, डीन गीतांजली स्कूल एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने शपथ ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों और नर्सिंग अद्यापकों को मुबारक बाद देते हुए कहा कि नर्सिंग सबसे नोबल पेशा है और उन्होंने नर्सिंग प्रोफेशन को चुनने का ठीक फैसला लिया क्योंकि इसमें लोगों जिन्दगी बचाने और उन्हें खुशहाल बनाने का मौका मिलता है। मरीज की देखभाल के लिए स्वास्थ्य विभाग नर्सों पर निर्भर करता है । कोई भी चिकित्सा प्रतिष्ठान मरीज की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आध्यात्मिक देखभाल के लिए सक्षम नर्सों पर आधारित है उन्होंने कहा कि नर्सिंग पेशा अपनाना आसान नहीं है क्योंकि उसके लिए बहुत मेहनत एवं निष्ठा की जरुरत होती है । डॉ. नरेन्द्र मोगरा डीन जीएमसीएच, प्रतीम तम्बोली चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर जीएमसीएच एवं विजेंद्र सिंह राठोड नर्सिंग सुपरिन्टेन्डेन्ट गीतांजली हॉस्पिटल ने सभी छात्रों को शुभकामनायें दी । गीतांजली मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नरेन्द्र मोगरा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सीईओ प्रतीम तम्बोली ने नर्सिंग कर्मियों द्वारा किये गए अच्छे कार्यों को याद कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. योगेश्वर पूरी गोस्वामी ने विद्यार्थियों को नाइटिंगेल शपथ दिलाई एवं पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। साथ ही बी.एस.सी. नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जिसमे गणेश वंदना, सरस्वती वंदना एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किये गए।

कार्यक्रम के अंत में दिनेश कुमार शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, गीतांजली कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ससुराल से प्रताड़ित विवाहिता का पीहर में हुआ अचानक निधन

**डूंगरपुर**, (निसं)। समय के थपेडे जब इंसान की किस्मत पर पडते हैं तो हर तरफ से उसे परेशानियां इस कदर घेरती हैं कि उसकी अंतिम विदाई के साथ ही उससे छूटकारा मिल पाता है। ऐसा ही हादसा शहर के बांसडवाडा क्षेत्र में निवासरत दर्जी समाज की एक विवाहिता के साथ हुआ। जब वह गुरूवार रात को हंसती खेलती अपनी दो बेटियों के साथ सोई और सवेरे इन दोनों बेटियों सर से मां का साया उठ गया।

घटनाक्रम के अनुसार बांसडवाडा निवासी हीरालाल दर्जी की पुत्री जयश्री दर्जी (42) जिसकी नया गांव खेरवाडा में पोपट दर्जी नामक युवक से शादी कराई थी और यह शादी उसके लिए अभिशाप बन गई थी। ससुराल पक्ष की लगातार प्रताडना और पति के शराबी होने का

■ दो बेटियों के सर से उठा मां का साया

कहर इस तरह बरसता रहा कि आखिरकार वह अपनी दोनों बेटियों सलोनी व पिंकी के साथ अपने पिता के घर चली आई, जहां रहकर अपना भरण पौषण कर रही थी।

लम्बे समय से ससुराल पक्ष जिसने उसका स्त्री धन भी छिन लिया था, ने कोई सुध नहीं ली। गुरूवार शाम को रोजाना की भांति वह अपनें कामकाज निपटानें के पश्चात अपनी बेटियों के साथ सोई भी, लेकिन शुक्रवार प्रातःजब वह नहीं उठी तो माता पिता ने उसे जगानें की कोशिश की लेकिन, वह तो अपने दुखों से छूटकारा पाकर परलोक चली गई थी, जब परिजनों को उसकी मृत्यु का अहसास हुआ तो कहर टूट पडा और रो- रोकर उसकी दोनों बच्चियों सहित परिजनों का हाल बूरा हो गया।

इधर, ससुराल पक्ष को भी घटनाक्रम से अवगत कराया, लेकिन उसके पति पोपट के अलावा कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा, जहां उसके पहुंचनें के पश्चात परिजनों व समाजजनों ने खूब खरी खोटी सुनाई और कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में पुस्तैनी मकान को दोनों बच्चियों के नाम लिखवाया। इसके पश्चात 10 वर्षीय बच्ची सलोनी ने माँ की अर्थी को कांधा दिया तथा पिंकी ने क्रियाकर्म की अगली रस्म को निभाते हुए अर्थी के आगे चलनें लगी। बडी संख्या में समाजजनों ने नम आंखों से सुरपुर स्थित मोक्षधाम पर अंतिम विदाई दी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज, राजीनामे से निपटेंगे विविध प्रकरण

**उदयपुर**,(कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के अध्यक्ष के निर्देशन में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु विगत दो माह से तैयारियां चल रही हैं। जगह-जगह लोक अदालत के संबंध में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से भी लोक अदालत का प्रचार किया गया।

सचिव शर्मा ने बताया कि इनमें प्री-लिटिगेशन प्रकरण में धारा 138 परक्राम्य विलेख अधिनियम, धन वसूली, श्रम एवं नियोजन संबंधी विवाद, बिजली, पानी एवं अन्य बिल भुगतान से संबंधित (अशमनीय के अलावा प्रकरण), भरण-पोषण से संबंधित प्रकरण, राजस्व विवाद, पैमाइश एवं डिवीजन ऑफ होल्डिंग सहित, सिविल विवाद, सर्विस मैटर्स, उपभोक्ता विवाद, अन्य राजीनामा योग्य विवाद (जो अन्य अधिकरणों/आयोगों/ मंचो/आथॉरिटी/ प्राधिकारियों के क्षेत्राधिकार संबंधी प्रकरणों पर सुनवाई की जाएगी। इसी प्रकार न्यायालय में लंबित प्रकरणों में राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, धारा 138 परक्राम्य विलेख अधिनियम (एनआई. एक्ट), धन वसूली, एम.ए.सी.टी. के प्रकरण, श्रम एवं नियोजन संबंधी विवाद एवं कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम के प्रकरण, बिजली, पानी एवं अन्य बिल भुगतान से संबंधित प्रकरण (अशमनीय के अलावा), पारिवारिक विवाद (तलाक को छोडकर), आदि अन्य राजीनामा योग्य ऐसे मामले जो अन्य अधिकरणों/आयोगों, मंचो/ आथॉरिटी/ प्राधिकारियों के समक्ष लंबित प्रकरणों को रखा जाएगा।

# योग प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृती की अमूल्य देनः विधायक मीणा

**उदयपुर**, (निसं)। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अन्दर जागरूकता उत्पन्न करता है तथा प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलावों को सहन करने में सहायक होता है। यह बात सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो उदयपुर द्वारा 8 वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के सौ दिवसीय काउंट डाउन के 39 वें दिन के अवसर पर शुक्रवार को राजकीय फतह सीनियर सैकण्डरी विद्यालय के सभागार में आयोजित सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) एवं जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथ

■ सामान्य योग अभ्यासक्रम व जागरूकता कार्यक्रम

के रूप में बोलते हुए उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने कही । उन्होंने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृती की अमूलय देन है। योग अभ्यास शरीर एवं मन, विचार एवं कर्म, आत्मसंयम एवं पूर्णता की एकात्मकता तथा मानव प्रकृति के बीच सामजस्य स्थापित करता है।

मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए राजकीय मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.महेश दीक्षित ने कहा कि योग मात्र व्यायाम नहीं है, बल्कि स्वयं के साथ, विश्व और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है। उन्होंने इस अवसर पर योग क्या है, योग का संक्षिप्त इतिहास एवं विकास, योग के आधारभूत तथ्य एवं पारम्परिक योग सम्प्रदाय तथा स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए योगिक अभ्यास के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो उदयपुर द्वारा योग दिवस के सौ दिवसीय काउंट डाउन के 39 वें दिन के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इस अवसर पर योग प्रशिक्षक जिग्नेश शर्मा ने खड़े होकर एवं बैठकर किए जानें वाले आसनों एवं उदर के बल एवं पीठ के बल लेट कर किए जानें वाले आसनों के अलाव कपाल भाती, प्राणायाम, ध्यान, शांतिपाठ की प्रस्तुती देकर योग के महत्व के बारे में युवा पीढी को यागाभ्यास के दौरान संदेश दिया।

प्रारम्भ में क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि 8 वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के सौ दिवसीय काउंटडाउन का आज 39 वां दिन है जिसके तहत सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय के क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो द्वारा सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के गोपाल वैष्णव , निम्बार्क टी.टी कॉलेज के महेन्द्र जोशी, मिश्रीलाल पंवार, एवं श्रीमती नीतू शर्मा अनुष्का अकादमी के सहायक प्रो. भूपेश पंवार, राहुल लोढ़ा, शैलेन्द्र चारण, सहित नव युवक मंडल के सदस्य, राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय, नम्बार्क टी.टी कॉलेज तथा अनुष्का अकादमी के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## डॉ. महेन्द्र भानावत को मारवाड़ रत्न सम्मान मिला

**उदयपुर**, (कासं)। लोककला संस्कृतिविज्ञ डॉ. महेन्द्र भानावत को जोधपुर स्थापना दिवस पर गुरूवार को गजसिंह द्वारा मारवाड रत्न कोमल कोठारी सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रीय स्तर का इक्यावन हजार का यह सम्मान डॉ. भानावत को उनके द्वारा विभिन्न प्रान्तों की कलाधर्मी जातियों, लोकानुरंजनकारी प्रवृत्तियों, जनजातीय सरोकारों तथा कठपुतली, पड, कावड जैसी विधाओं पर खोजपूर्ण लेखन एवं शोध के उन्नयन में दीर्घकालीन उच्चस्तरीय योगदान के उपलक्ष्य में प्रदान किया गया।

इस दिन गजसिंह का 70वां तिलकोत्सव भी था। इस संबंधित एक विशिट प्रदर्शनी 70 वर्ष पूर्व की स्मृतियां लिए अलग से आयोजित की गई जिसे देख सभी अभिभूत हुए। समारोह के दौरान गजसिंह ने पूर्व काल तथा आजादी के बाद जनसेवा के उल्लेखनीय योगदान का जिक्र करते हुए मेहरानगढ म्युजियम ट्रस्ट द्वारा अगले वर्ष से राजाराम मेघवाल पुरस्कार देने की भी घोषणा की। समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रो. संजीव मिश्रा ने कहा कि मेहरानगढ के सूरजवंशी सूर्यनगरी जोधपुर ने रक्त की बजाय शकुन दिया है। मुख्य अतिथि सव्यसांची मुखर्जी ने जोधपुरी भाषा, संस्कृति तथा परम्परा को देश की संस्कृति की पहचान कहा।

## सार-समाचार

### पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन 50 प्रतिशत से कम रही उपस्थिति

**डूंगरपुर।** राजस्थान पुलिस कांनिस्टेबल भर्ती परीक्षा के तीन दिवसीय टाईम टेबल के तहत पहले दिन शुक्रवार को भीषण गर्मी के दौर के बावजूद अन्य जिलों से आये परीक्षार्थियों ने शहर के चार परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा दी, जिनमें से तीन निजी महाविद्यालय तथा एक सरकारी विद्यालय में शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा में कुल 7536 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें से पहली पारी में जो कि 10 बजे से 12 तक आयोजित हुई, उसमें कुल 376 8 अभ्यार्थियों में 16 47 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2121 अनुपस्थित रहे। दूसरी पारी में 3 बजे से 5 बजे तक 376 8 में से 1710 अभ्यार्थी ने परीक्षा दी, जबकि 2058 अनुपस्थित रहे। इस तरह 7536 में से 3357 अभ्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 4179 अनुपस्थित रहे। यह परीक्षार्थी गुरूवार शाम से ही डूंगरपुर पहुंचना प्रारम्भ हो गये थे तथा शुक्रवार प्रातःतक डूंगरपुर पहुंचे। इस बार शहर के गुरूकुल कॉलेज, किशन लाल गर्ग विद्यालय, शिवनारायण चौबीसा महाविद्यालय तथा एक अन्य निजी विद्यालय में परीक्षा देनें के लिए पहुंचे। इस दौरान अभ्यार्थी अपनें प्रवेश पत्र लेकर इन स्थानों के बारे में आमजन से जानकारी लेकर अल सुबह से ही पहुंचनें लगे। गुरूवार रात्रि को केन्द्रीय बस स्टेण्ड पर अभ्यार्थियों ने रात गुजारी।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर।** धर्म परिवर्तन कर पीड़िता से शादी कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी महाराजजी का अखाड़ा निवासी जुबेर अहमद शेख पुत्र खलील अहमद शेख के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि वाहन बीमा को लेकर आरोपी से मेरा परिचय हुआ। इस दौरान उसने अपना नाम पिन्टू बताया तथा धीरे धीरे नजदीकियां बढने पर आरोपी मुझे मंदिरों में दर्शन कराने ले गया। कुछ समय बाद ब्लेकमेल कर 8 माह पूर्व निकाह करने के लिए दबाव बनाया तथा 500 रूपये स्टाम्प पर धर्म परिवर्तन करवा कर मौलाना से निकाह पढाया गया। तीन दिन घर पर रखने के बाद उसने अपने भाई व अन्य के साथ शारीरिक सबंध बनाने के लिए, रोजा रखने, नमाज पढ़ने का दबाव डाला। विवाद बढ़ने पर सूरजपोल पुलिस थाने में शिकायत की तब आपसी राजीनामा हो गया। उसके कुछ समय बाद आरोपी ने मुझे दुबारा परेशान करना शुरू कर दिया।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में वंचित परिवारों का नाम जोड़ने का कार्य शुरू

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के तहत राज्य में राष्ट ीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के नाम जोडे जाने का कार्य शुक्रवार 13 मई की मध्यरात्रि से प्रारंभ होकर 28 मई तक जारी रहेगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रमुख शासन सचिव आशुतोष ए.टी.पेडणेकर ने बताया कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा वर्ष 2022-23 के तहत खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत गेहूं प्राप्त करने से वंचित जरूरतमंद व अल्पआय वर्ग परिवारों को एनएफएसए पात्रता की सूची में जोडा जाना है और इसमें 10लाख नये परिवारों को जोडने का कार्य किया जाएगा। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र लोगों को इस योजना में जोडने के निर्देश दिए है। जिला रसद अधिकारी सी.डी.चारण ने वंचित परिवारों को ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर लाभ उठाने का आव्हान किया है।

### जिला कांग्रेस संगठन की बैठक 17 को

**राजसमंद।** जिला कांग्रेस संगठन को लेकर बैठक 17 मई को जिला मुख्यालय 100 फीट रोड स्थित निजी वाटिका में प्रातः साढे 10 बजे किया जाएगा। जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड ने बताया कि बैठक में नवनियुक्त कांग्रेस जिला निर्वाचन अधिकारी कांतिलाल राठौड (साहू), जिलो की चारों विधानसभाओं के पीसीसी सदस्य, संबंधित ब्लॉक अध्यक्ष, इकाई अध्यक्ष, अग्रिम संगठन अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी, पीसीसी सदस्यों, ब्लॉक अध्यक्षों एवं अग्रिम संगठन अध्यक्ष, इकाई अध्यक्ष के बारे में वरिष्ठ नेताओं से विस्तृत चर्चा कर सर्वसम्मति से विभन्न पदों पर सदस्यों को मनोनीत किया जाएगा तथा आवश्यक होने पर मत प्रणाली का प्रयोग किया जाएगा। वहीं ब्लॉक व जिला स्तर के सभी आगामी कार्यक्रमों की जानकारी कांग्रेस जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दी जाएगी।

### आधार व जनाधार प्रमाणीकरण कार्य पर रोक की मांग

**बांसवाडा।** निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर द्वारा शाला दर्पण के रिकार्ड के अनुसार बालकों के नाम, लिंग, जन्म दिनांक को आधार व जनाधार कार्ड में सही करवाने व उसके ऑथेंटिकेशन के आदेश को शिक्षकों ने अव्यावहारिक मानते हुए उसे तत्काल रुकवाने की मांग को लेकर शिक्षामन्त्री को ज्ञापन भेजा है। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलाध्यक्ष गोपेश उपाध्याय ने बताया कि विद्यालयों में 11 मई से अवकाश घोषित होने से स्कूली बालक अपने अभिभावकों के साथ काम पर, अपने परिजनों के यहां मेहमान अथवा धार्मिक यात्रा में चले गए हैं। ऐसे में अभिभावकों से संपर्क ही नहीं हो पा रहा है। अतः 17 मई तक आधार व जनाधार प्रमाणीकरण कार्य करना असंभव प्रतीत होता है। जिलामंत्री दिलीप पाठक ने बताया कि 1 से 5 के बालकों तथा अन्य कक्षाओं के सभी बालकों को छात्रवृत्तियां व प्रोत्साहन योजनाएं का लाभ नहीं मिलता। ऐसे में जिनको कोई लाभ नहीं मिलता ऐसे बालको के अभिभावक आधार व जनाधार कार्ड नहीं बनवाते है। अतः जिनके पास आधार व जनाधार नंबर ही नहीं हैं उनके ऑथेंटिकेशन की कार्यवाही करना असम्भव प्रतीत होता है।

# योजनाओं का मिले हर पात्र व्यक्ति को लाभः रामलाल जाट

**उदयपुर**, (कासं)। राजस्व व जिले के प्रभारी मंत्री रामलाल जाट ने कहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आम जनता को राहत देने के लिए कई सारी योजनाओं को लागू किया है। राज्य सरकार की मंशा है कि इन सभी योजनाओं का हर पात्र व्यक्ति को पूरा-पूरा लाभ मिले, ऐसे में हम सबको इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की जरूरत है।

प्रभारी मंत्री जाट शुक्रवार को यहां जिला परिषद सभागार में राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने के निर्देश देते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा कि इनके प्रावधानों के बारे में पूरी-पूरी जानकारी देने का दायित्व निभाते हुए पुण्यार्जन करें। उन्होंने योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ काम करने का भी आव्हान किया।

जिले के प्रभारी सचिव आनंद

■ जिले के प्रभारी मंत्री जाट ने ली फ्लेगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक

कुमार व वल्लभनगर विधायक प्रीति गजेन्द्रसिंह शक्तावत की मौजूदगी में आयोजित इस समीक्षा बैठक के आरंभ में जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने प्रभारी मंत्री व प्रभारी सचिव का स्वागत करते हुए जिले की समग्र वैकासिक प्रगति प्रस्तुत की।

इस मौके पर जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष, अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) ओपी बुनकर सहित समस्त विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित फ्लेगशिप योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत की। बैठक में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, प्रशासन गांवों व शहरों के संग अभियान की प्रगति, जनराहत व जनकल्याण के विविध आयाम, आमजन आदमी के खुशहाली के लिए सरकार द्वारा किये गये प्रावधान आदि की समीक्षा की गई।